हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
3 जून 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की दुनिया भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत का सुशासन मॉडल दुनिया के लिए एक उदाहरण बन रहा है। एक पत्र के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जन-समर्थक सुशासन, आदर्श जिले और आदर्श ब्लॉक जैसी योजनाओं पर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि केवल दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठने के लिए सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने कहा कि गरीबों को सशक्त बनाने से लेकर अंतिम छोर तक सरकार के प्रयासों ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को प्राथमिकता देकर दुनिया को प्रेरित किया है।

प्रधानमंत्री ने चार दिशाओं स्पीड, स्केल, स्कोप और स्टैंडर्ड पर तेजी से काम करने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जी-20 की सफलता के बाद से दुनिया भारत की बड़ी भूमिका की कल्पना कर रही है। भारत को अल्प विकसित और विकासशील देश की एक मजबूत और महत्वपूर्ण आवाज के रूप में स्वीकार किया जा रहा है और भारत की पहल पर अफ्रीकी संघ जी-20 समूह का हिस्सा बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि यह अफ्रीकी देशों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाला है।

---------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए होने कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर की गई है।

मतगणना कल सुबह 8 बजे शुरू होगी। उन्होने बताया कि 10 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 90 मतगणना केंद्र बनाये गए हैं और करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए अलग से मतगणना केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए सभी मतगणुना केंद्रों पर मतगणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 0172-1950 या 0172-2701362 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके लिए Email hryelect @ yahoo.com का प्रयोग भी किया जा सकता है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि वोटों की गिनती में शामिल अधिकारियों क्लर्क, एजेंट या अन्य व्यक्तियों को मतदान की गोपनीयता बनाये रखनी होगी और इसका उलंघन करने पर कानून के अनुसार तीन महीने तक की कैद, जुर्माना या दोनों हो सकते है। सरकारी कर्मचारी, किसी ऊमीद्वार के मतगणना एजेंट के रूप में काम करता है तो उसे 3 महीने तक की कैद, जुर्माना, या दोनों सजाएँ हो सकती हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------

ज़िला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पँवार ने बताया कि चारों विधान सभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए 14-14 मेज लगाई गई हैं। गुहला व क्लायत विधान सभा के मतों की गिनती 15-15 चरण में कैथल विधान सभा की 16 चरण में और पुंडरी विधान सभा की 14 चरण में होगी।

---------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के विभिन्न जिलों से भी मतगणना कि तैयारियों को लेकर समाचार मिले हैं।

भिवानी- महेंदरगढ़ के लिए डाक मतपत्त मतपत्र की गणना का कार्य नारनौल में होगा। चरखी दादरी कि उपायुक्त मंडीप कौर ने बताया कि मतगणना के लिए लगभग 250 कर्मचारी और अधिकारी तैनात किए ञे हैं।

उन्होने ने बताया कि चरखी दादरी जिले के दादरी विधानसभा क्षेत्र एवं बाहड़ा विधान क्षेत्र में मतगणना 18 चरणों में होगी। इसके लिए 14-14 मेज लगाए गये हैं। जनता कालेज में बनाए गये मतगणना केंद्र के बाहर लगभग 400 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इसी तरह कैथल में मतगणना R.K.S.D कालेज, स्कूल एवं I.G कालेज में होगी।

---------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग ने कहा कि कल मतगणना के बाद घोषित किए जाने वाले चुनाव परिणाम निर्वाचन आयोग की वैबसाइट www।results.eci.gov.in और voter helpline AAP पर उप्लबध रहेंगे।

श्री अग्रवाल ने कहा कि मौसम विभाग ने गर्मी को देखते हुये लोगों को घरों से बाहर न निकलने कि सलाह दी है। ऐसे इस वैबसाइट वोटर हेल्पलाइन पर घर बैठे ही चुनाव परिणाम देखे जा सकते हैं।

उन्होने बताया कि मतगणना का कार्य सुबह 8 बजे से शुरू होगा। मतगणना केन्द्रों में और उनके आसपास केवल प्राधिकृत व्यक्ति, अधिकारी या कर्मचारी ही जा सकेंगे।

ऐसे में चुनाव परिणाम जानने के लिए लोगों को मतगणना केंद्र से काफी काफी दूर धूप में खड़े होना पड़ सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना केंद्र के आसपास धारा 144 लागू रहेगी और राजनीतक दलों के काय कार्यकरताओं को भी अंदर जाने कि अनुमति रहेगी।

--------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि कल लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए किसी भी राजनैतिक दल या चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की ओर से नामित मतगणना एजेंट का पुलिस सत्यापन किया जाएगा।
श्री अग्रवाल ने आशा व्यक्त की कि मतगणना के दिन भी सभी नागरिकों व ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों व सुरक्षाकर्मियों का मतदान के दिन की तरह ही सहयोग मिलेगा।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया से अपील की कि कल मतगणना के दौरान उन्हें उपलब्ध करवाई गई हर चरण की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। श्री अग्रवाल ने कहा कि हालांकि चुनाव आयोग ने अलग से एक चुनाव परिणाम हेल्पलाइन ऐप भी जारी किया है जिसे कोई भी नागरिक अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर पूरे देश के चुनाव नतीजों की जानकारी हासिल कर सकता है।

--------------------------------------------------------------------------------

भिवानी सी आई ए स्टाफ व नवी मुंबई पुलिस की टीम ने एक संयुक्त अभियान के तहत अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में वांछित आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार किया है। भिवानी जिला के गांव तिगड़ाना निवासी दीपक नाम के इस आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए नवी मुंबई पुलिस को सौंपा गया है। भिवानी सीआईए स्टाफ के प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें नवी मुंबई पुलिस से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपियों की साजिश में भिवानी जिला के गांव तिगड़ाना निवासी एक व्यक्ति की भी भूमिका है। उन्होंने बताया कि आरोपी दीपक कई वर्षों से नवी मुंबई में रहता था। वह सलमान खान के घर व फार्म हाउस की रैकी व हत्या की योजना बनाने वाले आरोपियों के संपर्क में था।

--------------------------------------------------------------------------------